मध्यप्रदेश विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2005 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 22 फरवरी, 2005 (फाल्गुन 3, 1926)

समय 10.30 बजे दिन

1. निधन उल्लेख

निम्नलिखित के निधन संबंधी उल्लेख :-

(1) श्री प्रेमलाल मिश्र, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा ; *तथा*

(2) श्री हसनात सिद्दीकी, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा

2. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्रीमती जमुना देवी, सर्वश्री राजनारायण सिंह पूरनी, हुकुम सिंह कराड़ा, सदस्य, होशंगाबाद जिले के बघवाड़ा ग्राम में हुई हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार न किये जाने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री मनोहर लाल राठौर, सदस्य, हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र में हैण्डपंप खराब होने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री ताराचंद बावरिया, सदस्य, छिन्दवाड़ा जिले के -

(क) ग्राम भमोड़ी में खेल मैदान बनाये जाने; तथा

(ख) ग्राम खुसरूढ़ाणा में शाला भवन बनाये जाने,

(2) श्री छोटेलाल सरावगी, सदस्य, शहडोल जिले के -

(क) ग्राम पंचायत बुढ़ार में पेयजल योजना बनाई जाकर टंकी निर्माण कराये जाने; तथा

(ख) बुढ़ार नगर स्थित शासकीय महाविद्यालय में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारंभ कराये जाने, एवं

(3) श्री छत्रपती सिंह, सदस्य, सीधी जिले के -

(क) ग्राम सरई स्थित कन्या आश्रम को हाई स्कूल में उन्नयन कराये जाने,

(ख) ग्राम मझौली के पश्चिम टोला में हैंडपंप लगाये जाने,

(ग) ग्राम तिलखोहरा में विद्युतीकरण कराये जाने,

(घ) ग्राम सिकरा के आदर्श भवन मोहल्ले में विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने,

(ङ) ग्राम मैरहा एवं पडरहा में विद्युत कनेक्शन दिलाये जाने,

(च) ग्राम पोडी वस्तुआ, डुहकुरिया, नगन्ती, हरदी व ददरी आदि के राजस्व अभिलेख में सुधार कर पट्टा प्रदान कराये जाने ; तथा

(छ) ग्राम ठाढ़ीपाथर में 11 के.व्ही. विद्युत लाईन लगाये जाने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

5. वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः).

डॉ. ए.के. पयासी
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 21 फरवरी, 2005